(1) अनुमत्यै दक्षिणायै तिल हिरण्य रजत निंष्कर्ण ददानि राकायै दक्षिणायै तिल हिरण्य रजत निष्कर्ण ददानि ऐसे ही ऊपर लिखे सातों नामों से दक्षिणा डालते जायें। फिर से दक्षिणा के रूप में सिक्के डालते हुये पढें:- **एता देवता: सदक्षिणान्नेन प्रीयतां प्रीता: सन्तु।** चुटू को स्पर्श करते हुये पढें:- **या काचित्-योगिनी रौद्रा सौम्या घोरतरा परा, खेचरी भूचरी रामा तुष्टा भवन्तु मे सदा, आकाश-मातृभ्य: अन्नं नम:,** इसी चुटू को तिलक लगाते हुये पढें:- **आकाश-मातृभ्य: समालभनं गन्धो नम:,** फूल अर्ध चढाते हुये पढें:- **आकाशमातृभ्य-अर्घोनम: पुष्पं नम:।** इष्टदेवी का क्षीर जो किसी पात्र में रखा होगा उस पात्र को स्पर्श करते हुये पढें:- **भगवत्यै अमायै कामायै चार्विग्यै टंकधारिण्यै तारायै पार्वत्यै इष्ट-देवी भगवत्यै** (इष्टदेवी का नाम लेकर) शारिका अथवा **राज्ञाभगवत्यै पायसं समपर्यामि नम:,** इसी पात्र को तिलक लगाते हुये पढें:- **इष्टदेवी भगवत्यै समालभनं गन्धो नम:** अर्घ पुष्प चढाते हुये पढें:- **इष्टदेवी भगवत्यै अर्घो नम: पुष्पं नम:** क्षेत्रफल के एक भाग को स्पर्श करते हुये पढें:- **क्षांक्षेत्राधिपतये अन्नं नम:,** दूसरे भाग को स्पर्श करते हुये पढें:- **राम राष्ट्रधिपतये-अन्नं नम:, सर्वाभय-वर -प्रद: मयि पुष्टिं पुष्टिपति र्दधातु।** क्षमा पुष्प इष्टदेवी के पात्र को चढ़ाते हुये पढें:- **आह्वानं नैव जानामि नैव जानामि पूजनम् पूजाभागं न** जानामि क्षम्यतां परमेश्वरि। प्रणाम करते हुये पढें:-

उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा वचसा मनसा नमस्कारं करोमि नमः । दूध युक्त जल से तपर्ण करते हुये पढें:- **नमो ब्रह्मणे, नमो-अस्तु अग्नये, नमः पृथ्व्यै, नमः औषधीभ्यः, नमो वाचे, नमो वाचस्पतये, नमो विष्णवे बृहते कृणोमि,** यहाँ तक तीन बार पढ कर आगे पढें:- **इति-एतासाम्-एव-देवतानां सामीप्यं सार्ष्टितां सायुज्यं सलोकताम्-आप्नोति य एवं विद्वान् स्वाध्यायम्-अधीते ।**

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

यक्षामावसी पूजा

(क्ष्यचिमावस)

गोलाकार किसी पत्थर (काजवठ) को कुबेर के रूप में पूजा के स्थान पर सामने रख कर पृष्ठ 5 से 9 तक दीप धूप पढ़कर जीवादान के लिये विष्टर अथवा दर्भ सहित कटोरी में तिलक और तीन फूल डालते हुये पढें:- **संवः सृजामि हृदयं संस्पृष्टं मनो अस्तु वः। संसृष्टा-स्तन्वः सन्तु वः। संसृष्टः प्राणो-अस्तु वः। संवायः प्रिया-स्तन्वः संप्रिया हृदयानि-वः। आत्मा वो अस्तु सं प्रियः संप्रिया-स्तन्वो मम।** इसी पानी से कुबेर जी की मूर्ती पर जल छिड़कते हुये पढें:- **अश्विनोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव। मित्रावरुणयोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव। बृहस्पतेः प्राणः स-ते प्राणं ददातु तेन जीव।** चावल सहित दर्भ के दो कांड हाथ में लेकर तीन बार पढें :- **यक्षणीशाय विद्महे गदाहस्ताय धीमहि तन्नो कुवेरः प्रचोदयात्** फिर से पढ़ें:- **ॐ तत्-सत-ब्रह्म-अद्य-तावत्-तिथौ अद्य**-मास पक्ष तिथि वार का नाम लेकर पढें :- **भगवतः कुवेरस्य त्र्यबक-सखस्य यक्षेशस्य धनाधिपस्य-अर्चां-अहंकरिष्ये ॐ कुरुष्व।** हाथ में पहले से पकड़े हुए केवल चावलों को कन्धों से फेंक कर और दर्भ के दो तिनके निर्माल्य में डालकरफिर से दो दो दर्भकाण्ड आसन के रूप में डालते हुये पढें :- **भगवतः कुवेरस्य त्र्यम्बक-सखस्य यक्षेश्वरस्य धनाधिपस्य इदं-आसनं नमः।** चावल सहित दो दर्भकाण्ड दायें हाथ से पकड़

कर पढें :- **भगवते कुवेराय त्र्यम्बक-सखाय यक्षेश्वराय धनाधिपाय युष्मान्-पूजयामि ॐ पूजय।** चावल कन्धों से फेंक कर दर्भ के दो काण्ड हाथ में ही रख कर पढ़ें :- **भगवन्तं कुबेरं त्र्यम्बकसखं यक्षेश्वरम्-धनाधिपम्-आवाह-यिष्यामि ॐ आवाहय।** चावल कन्धों से फेंक कर दर्भकाण्ड निर्माल्य में डालें और पढ़ें :- **पाद्यार्थम्-उदकं नमः। शन्नो देवीर्-अभीष्टये-आपो भवन्तु पीतये, शं योर्-अभि-स्त्रवन्तु नः।** इस मन्त्र से खोसू या कटोरी में जल डाल कर उसी पानी से कुबेर जी को छिड़कते हुये पढ़ें :- **भगवते कुवेराय त्र्यम्बक-सखाय यक्षेश्वराय धनाधिपाय पाद्यं नमः।** पाद्य का बचा हुआ जल निर्माल्य में डाल कर फिर से अर्घ्य के लिए इसी कटोरी में शन्नो **देवीर्-अभीष्ट**..... ऊपर लिखे मन्त्र से जल डाल कर कुवेर जी को दर्भ से छिड़कते हुये पढें:- **भगवन् कुवेर त्र्यम्बकसख यक्षेश्वर धनाधिप इदं वोऽर्घ्यं नमः** कटोरी में आचमन के लिये फिर से जल डाल कर कुवेर जी को अर्पण करते हुए पढें :- **कुवेराय त्र्यम्बकसखाय यक्षेश्वराय धनाधिपाय-इदं-आचमनीयं नमः** खासू अथवा कटोरी में जल डालते हुये पढें :- **अन्नं नमः अन्नं नमः, आज्यं-आज्यम्-अद्यदिने-अद्य यथा संकल्पात्-सिद्धिर्-अस्तु।** अंजलि धारण करते हुये पढें :- **अन्नहीनं क्रिया हीनं विधिहीनं द्रव्यहीनं मन्त्रहीनं यत्-गतं तत्-सर्वम्-अच्छिद्रं सम्पूर्णम्-अस्तु। एवम्-अस्तु।** कटोरी में दायें हाथ की अंगुलियों से जल डाल कर उसी जल से कुबेर

जी को आचमन अर्पण करें यानी थोड़ा सा जल डालें। कटोरी में चावल जल दीक्षिणा डालते हुये पढें :- **एता देवता: सदक्षिणान्नेन प्रयन्तां प्रीता: सन्तु।**

अब खिचड़ी का प्रेप्युन पृ० 19 से 24 तक पढ़कर चुटू आदि रख कर दीप: स्वधा धूप: स्वधा तक पढ़कर दो दर्भकाण्ड हाथ में लेकर कुवेर जी को विसर्जन करते हुये तीन बार पढें :- **यक्षेशाय विद्महे गदाहस्ताय धीमहि तन्न कुवेर: प्रचोदयात्।** यह पढ़कर फिर से पढें :- **ॐ तत्-सत्-ब्रह्म अद्य तावत्-तिथौ अद्य मासस्य पक्षस्य तिथौ वासरा-न्वितायां भगवत-कुवेरस्य त्र्यम्बक-सखस्य यक्षेश्वरस्य धनाधिपस्य आत्मनो वांगमन: कायोपार्जित-पाप-निवार-नार्थं कुवेर-पूजनम्-अच्छिद्रं सम्पूर्णम्-अस्तु एवम्-अस्तु।** फिर से कुवेर जी को अर्घ पुष्प चढाते हुये पढें :- **आह्वानं नैव जानामि नैव जानामि पूजनम्-पूजाभागं न जानामि क्षम्यतां परमेश्वर।** नमस्कार करते हुये पढें :- **उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा मनसा वचसा नमस्कारं करोमि नम:।**

हाथ जोड़ के फिर से प्रार्थना करें :- **ॐ धनाध्यक्षाय देवाय नर-यानोप-वेशिने। नमस्ते राजराजाय कुवेराय महात्मने।**

ॐ शान्ति: शान्ति: शान्ति:।

जन्मदिन पूजा

पूजा आरम्भ करने से पहले यज्ञोपवती धारण करें और थाली में नारीवन सात गांठ डालकर रखें - नमस्कार करते हुय पढें :-

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिार्वणं चतुर्भुजम्। प्रसन्न-वदनं ध्याये सर्व-विघ्नोप-शान्तये अभि-प्रीतार्थ-सिद्ध्यर्थं पूजितो यः सुरैर्-अपि सर्व विघ्न-च्छिदे तस्मै गणधिपतये नमः हृदय और मुख को जल छिड़कते हुये पढ़ें :- **तीर्थे स्नेयं तीर्थम्-एव, समानानां भवति, मानः शंसो अररुषो धूर्तिः प्राणङ् मर्त्यस्य रक्षा णो ब्रह्मणस्पते** अनामिका ऊँगुली में पवित्र धारण करके अपने आप को तिलक अर्घ पुष्प लगाते हुये पढें :- **परमात्मने पुरुषोत्तमाय पंचभूतात्मकाय विश्वात्मने मंत्र-नाथाय आत्मने नारायणाय-आधार-शक्त्यै समाल-भनं गन्धो नमः अर्घो नमः पुष्पं नमः** रत्नदीप, धूप को तिलक अर्घ पुष्प अर्पण करके सूर्य भगवान् के निमित थाली में तिलक तथा अर्घ पुष्प अर्पण करते हुये पढें :- **नमो-धर्म-निधानाय नम स्वकृत-साक्षिणे, नामः प्रत्यक्षेदवाय भास्कराय नमो नमः।** खोसू से थाली में रखे नारीवन के ऊपर जलधारा डालते हुये पढें :- **यत्रास्ति माता न पिता न बन्धु-भ्रातापि नोयत्र् सुहृत्-जनश्च न-ज्ञायते यत्र दिनं न रात्रिः तत्रात्म-दीपं शरणं प्रपद्ये, आत्मने नारायणाय-आधार-शक्त्यै-दीप-धूप संकल्पात् सिद्धिर-**

अस्तु दीपो-नमः धूपो नमः । जल सहित कटोरी में तिलक और तीन पुष्प डालते हुये पढें :- **सं वः सृजामि हृदयं, संसृष्टं मनोअस्तु वः, संसृष्टा-स्तन्वः सन्तु वः, संसृष्टः प्राणोऽस्तु वः, संयावः प्रिया-स्तन्वः, संप्रिया हृदयानि-वः । आत्मा वो अस्तु संप्रियः संप्रिय-स्तन्वो मम ।** जल की धारा नारीवन पर डालते हुये पढें :- **अश्विनोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव । बृहस्पते प्राणः सते प्राणं ददातु तेन जीव जन्मोत्सव-देवताभ्यः जीवादानं परिकल्पयामि नमः ।** चावल सहित दो दर्भकाण्ड अथवा दो फूल हाथ में लेते हुये तीन बार पढें :- **ॐ भूर्भुवः स्वः तत्-सवितुर्-वरेण्यं भर्गो-देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्-ॐ जन्मो-त्सव-देवतानां अर्चाम्-अहं करिष्ये ॐ कुरुष्व**-हाथ में पकड़े हुये दर्भ अथवा फूल निर्माल्य में डाले फिर से दो फूल आसन के रूप में नारीवन के सामने डालते हुये पढें:- **सप्त जन्मोत्सव-देवतानां-आसनं नमः ।** चावल सहित दर्भ अथवा दो फूल हाथ में पकड़ कर केवल चावल को कन्धों से फेंकते हुये पढें:- **सप्तजन्मोत्सव-देवताभ्यः युष्मान् पूजायामि ॐ पूजय-** फिर दो फूल हाथ में पकड़ते हुये पढें :- **सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात् । स भूमिं विश्वतो वृत्वा-त्यतिष्ठत्-दशांगुलम्-जन्मोत्सव देवताः आवाह-यिष्यामि ॐ आवाहय ।** पहले पकड़े हुये फूल अथवा दर्भ निर्माल्य में डालकर तीन बार पुष्प नारीवन पर डालते हुये तीन बार पढें :- **भगवन् पुण्डरी काक्ष भक्तानु-ग्रहकारक, अस्मत्-दयानुरोधेन सन्निधानं**

कुरु प्रभो 3। दोनों कन्धों के ऊपर से अर्घ फेंकर प्राणायाम करके कटोरी में जल डालते हुये पढें:- **पाद्यार्थम्-उदकं नमः। शन्नो देवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर्-अभि-स्त्रवन्तु नः।** लाय, केसर, सर्वौषधि, दर्भ जल से सभी वस्तु कटोरी में डालकर नारीवन पर डालते हुये पढें:- **अश्वत्थाम्ने बलये व्यासाय, हनुमते, कृपाचार्याय, मार्कण्डेयाय, परशुरामाय, सप्तचिर-जीवेभ्यः पाद्यं नमः।** पाद्य का बचा हुआ जल निर्माल्य में डालकर फिर से कटोरी में जल डालते हुये पढें :- **शन्नो देवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर्-अभिस्त्रवन्तु नः।** दूध, दही, जल दर्भ घी चावल, जव सर्वौषधि ये आठ चीजें कटोरी में डालकर नारीवन पर डालते हुये पढें :- **अश्वत्थामन् बले व्यास हनुमन् कृपार्चाय मार्काण्डेय परशुराम सप्तचरजीविनः इदं वोऽर्घ्यं नमः।** शुद्ध जल डालते हुये पढें:- **प्रजापतये जन्मोत्सव-देवताभ्य आचमनीयं नमः।** दूध जल आदि डालते हुये पढें :- **तत्-विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुर-आततम् तत्-विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णो-र्यत् परमं पदम्। प्रजापति-जन्मोत्सव-देवताभ्यः स्नानं नमः,** कटोरी आदि में नारीवन के लिये फूलों का आसन बनाते हुये पढ़ें :- **आसनाय नमः, गरुडासनाय नमः, पद्मासनाय नमः शतदल-पद्मासनाय नमः, सहस्र-दलपद्मासनाय नमः। किम्-आसनं ते गरुडासनाय किं भूषणं कौस्तुभ-भूषणाय। लक्ष्मीकलत्राय किम्-अस्ति देयं वागीश किंते वचनीयम्-अस्ति।**

नारीवन को आसन पर बिठाते हुये पढ़ें:- **उत्तिष्ठ भगवन् विष्णो, उतिष्ठ कमलापते, उत्तिष्ठ त्रिजगत्-नाथ त्रैलोकी मंगलं कुरु।** नारीवन को सात तिलक लगाते हुये पढें :- **अश्वत्थाम्ने, बलये व्यासाय हनुमते कृपाचार्याय मार्कण्डेयाय परशुरामाय सप्तचिरजीवेभ्य: समालभनं गन्धो नम:।** नारीवन पर अर्घ पुष्प चढाते हुये पढें :- **तस्मात्-अश्वा-अजायन्त ये के चोभ-यादत:। गावोह जज्ञिरे, तस्मात् जाता अजावय:। अश्वत्थम्ने बलये व्यासाय हुनमते कृपाचार्याय मार्काण्डेयाय परशुरामाय सप्तचिर-जीवेभ्य: अर्घो नम: पुष्पं नम:।** रत्नदीप कर्पूर घुमाते हुये पढें :- **तेजोसि शुक्रम्-असि ज्योतिर्-असि धामासि प्रियं देवानाम्-अनाधृष्टं देवयजनं देवता-भ्यस्त्वा देवताभ्यो गृहणामि यज्ञेभ्यस्त्वा यज्ञियेभ्यो गृह्णामि जनमोत्सवदेताभ्य: रत्नदीपं कर्पूरं धूपं च परिकल्पयामि नम:।** चामर करते हुये पढें :- **जयनारायण जयपुर-षोत्तम, जय वा-मन कंसारे, घोरं हर मम नकरकरिपु: केशव कल्मषभारं माम्-अनुकम्पय दीनम्-अनाथं कुरुभव- सागर पारम्-भगवते वासुदेवाय लक्ष्मी सहिताय नारायणाय जन्मोत्सव-देवताभ्य: चामरं परिकल्पयामि नम:।** पुष्प चढाते हुये पढें :- **ध्येयं सदा परिभवघ्नं- अभीष्ट-दोहं, तीर्थास्पदं शिव-विरचिं-नुतं शरणयम्। भृत्यार्ति-हं प्रणतपाल-भवाब्धि-पोतं वन्दे महापुरुष ने चरणार-बिन्दम्।** नमस्कार करते हुये पढें :-

उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा वचसा मनसा अष्टांग-नमस्कारं करोमि नमः । दक्षिणा अर्पण करते हुय पढें:- **जन्मोत्सव-देवताभ्यो दक्षिणायै तिल-हिरण्य रजत निष्कर्णं ददानि ।** फिर से कुछ सिक्के अर्पण करते हुये पढें:- **एता देवताः सदक्षिणान्नेन प्रीयन्तां प्रीताः सन्तु ।** पुष्प चढाते हुये पढ़ें :- **ॐ तत् विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः । दिवीव चक्षुर्-आततम् तत्-विप्रासो विपण्यवो जगृवांसः समिन्धते विष्णोर्यत्-परमं पदम् ।** अब नैवद्य तहर क्षीर थाली में लाकर एक पात्र में चुटू और पाँच म्यचियाँ रखें, नैवेद्य के साथ दही और मिश्री (नाबद) भी रखें, नैवेद्य को दोनों हाथों से स्पर्श करते हुये पृष्ठ 19 से 24 तक सारा प्रेप्युन हेरकादिभ्यः वटुकादिभ्यः तक पढकर फिर से पढें :- **अश्वत्थाम्ने बलये व्यासाय हनुमते कृपाचार्याय मार्काण्डेयाय परशुराम सप्त-चिरजीवेभ्यः ॐ नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः** हाथ में फूल लेकर पढें :- **आज्ञा में दीयतां नाथ नैवेद्यस्या-स्य भक्षणे शरीर-यात्रा सिद्ध्यर्थं भगवन्-क्षन्तुम्-अर्हसि ।** पुष्प चढाते हुये पढें :- **आपन्नोस्मि शरण्योसि सर्वावस्थासु सर्वदा, भगवन्त्वां प्रपन्नोस्मि रक्ष मां शरणागतम् ।** पवित्र निकाल कर हाथ में नारीवन बान्ध कर, चुटू कहीं बाहिर रख कर निर्माल्य नदी में डालकर नैवद्य के साथ दही मिश्री (चीनी) दायें हथेली में रख कर मुँह में डालते हुये पढें :- **मार्काण्डेय नमस्तुभ्यं सप्तकल्पान्त-जीवन- आयुर्-आरोग्य-सिद्ध्यर्थं प्रसीद भगवन् मम ।**

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

शंकुप्रतिष्ठा पूजा

(कंन-दिनच पूजा)

पूजा सामग्री सात तीर्थों, नदियों, तालाब आदि का जल लगभग एक किलू वजन **(सात धातु)** सोना, चांदी, तांबा, लोहा, पीतल, कांसी, ज़सद आदि **(सात अनाज)** यानी सतसोस् गेहूँ, मक्की, जव, माष, मूँग, चना, मटर आदि **(सात औषधियाँ)**:- सोंठ हलदी बनुफशा गुलावपत्र, ग्यवथीर, कलव्युठ आदि जो कुछ सुलभ हो वही लायें हमारी

लिखी हुई चीजें ही जरूरी नहीं परन्तु संख्या में सात होने आवश्यक हैं, **(पांच मिटियां)** – काश्मीर में चक्रेश्वर, क्षीरभवानी काश्मीर से बाहिर होने पर प्रसिद्ध स्थानों हरिद्वार, मथुरा आदि, चुराहे की मिट्टी जहाँचार रास्ते मिलते हैं, स्यकट्रेट अथवा किसी राजभवन की, गौशाला की कुल मिलाकर मिट्टी एक पाव तक होनी चाहिए, फूल पाँच प्रकार के होने चाहिए, काला फूल नहीं होना चाहिये, **फल पाँच** प्रकार के अखरोट, बादाम, सेब संतरा, अनार जो सुलभ हो, पाँच होने चाहिये, इलायची, दालचीनी, लोंग, काली मिर्च ये सभी वस्तुयें एक एक तोला होनी चाहिये, **सुफारी काठ** पाँच अदद, सुफारी, चकनी 5 अदद **पाँच खूंटियाँ** किसी फलवाली लकड़ी की जिनकी लम्बाई लगभग 16 ऊँगल तक हो, पांच पत्थर चोरस (चार कोने वाली) 5 अदद **चार प्रतिमायें** ताँबे के पत्र पर बनाई हूँ, एक एक ताँबे का पत्र चार चार ऊगुंल चोरस होना चाहिये जिन पर अलग अलग खुदी हुई मूर्तियाँ होनी चाहिए वह मूर्तियाँ पाँच हैं (1) **वृषभ** (2) **घोड़ा** (3) **हाथी** (4) **मनुष्य,** इन चार प्रतिमाओं के इलावा **चांदी की तार का सांप** होना चाहिये जिस का वज़न लगभग एक तोला होना चाहिये। **पाँच मिट्टी की वारियाँ।** रत्नदीप के लिये **पांच दीपक (चोंग)** धूप, कण्ठगण,तिल, सिन्दूर, नारीवन, लाय, दूध दही, सर्षप, सर्वौषधि, घी, फूल, चावल, नाबद, किशमिश। रत्नदीप के लिये रूई, माचिस, जंग के लिये चावल, नमक, अखरोट थोड़ा सा चूना। प्रसाद के लिये सत्यदेव रोठ आदि होना-चाहिये – तहर आदि भी बनायें। कण्ठगन आदि जलाने के लिये थोड़े से कोयले, बिछाने के लिये आसन आदि, यदि आप ने नींव मुहूर्त से पहले ही खोदी होगी, तो चार कोनों पर और बीच में खोदी हुई नींव से नीचे गहरे छोटे इतने गढे बनायें जिनमें आप की लाई हुई वारियाँ समा सके, यदि नींव खोदी न हो तो चारकोणों पर तथा बीच में इतने गहरे गढे बनाये जहाँ पूजा करते समय पूजा करने वाला बैठ सके और जहाँ आप वारियाँ दबाकर रखेंगे वहां से नींव खोदते समय वे वारियाँ निकल न जायें (गढे

सोच समझ कर बनायें) मंगलवार तथा पंचक के दिन नींव न खोदे बाकी विशेष मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं है, मासान्त आदि भी होना नहीं चाहिये।

मुहूर्त के दिन मुहूर्त से कुछ समय पहले सभी परिवार तथा सम्बन्धी. प्रतिष्ठा यानी "कँन" के स्थान पर पहुँचकर जब तक सारी सामग्री इकट्ठी न हो जाये मुर्हूत के समय तक सभी मिल जुलकर ऊँचे ऊँचे स्वर में उच्चारण करें **'सर्वमंगल मंगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते** अथवा **श्रीमत् नारायण नारायण ॐ** अथवा **ॐ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च, नमः शंकराय च मयस्कराय च, नमः शिवाय च शिवतराय च** अथवा **हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे"** सभी सामग्री जल मिट्टी औषधियाँ आदि बांट कर वारियों में डाले, सभी वारियों पर सिन्दूर से लिखें **"श्रीः"** वारियों को फूल की मालाओं से सजायें पाँचों पत्थरो पर सिन्दूर से **"श्रीः"** लिखे। रत्नदीप धूप जला कर रखें यह सारा काम समाप्त करके (उत्तर पूर्व) कोण यानी ईशानी कोण पर आसन बिछायें, खूँटियाँ और पत्थर पाँच गढों पर पहुँचा के. रखें, पाँचों वारियाँ जो औषधियों जल से भरी होगी एक बड़ी थाली या परात में रखें उन वारियों के ऊपर क्रमशः बैल, घोड़ा, मनुष्य हाथी तथा सांप की मूर्ति रखें और पूजा आरम्भ कीजिये पहले इसी पुस्तक के पृष्ट 5 से 9 तक दीपधूप करें **दीपो नमः धूपो नमः** तक पढ़कर **ॐ तत्-सत्-ब्रह्म अद्य-तावत् तिथौ अद्य मासस्य पक्षस्य तिथौ वासरान्वितायां** मास तिथि वार का नाम लेकर पढें:- **महागणपतये, कुमाराय श्रियै सरस्वत्यै लक्ष्म्यै विश्वकर्मणे, द्वार देवताभ्यः ब्रह्मणे वास्तोष्पति देवताभ्यः**

ध्रुवाय हरये, लक्ष्म्यै कूर्माय, वृषभाय, अश्वाय, नराय गजाय अनन्ताय शंकु-प्रतिष्ठा-निमितं दीप धूप संकल्पात् सिद्धर्-अस्तु दीपो नमः धूपो नमः जीवादान के लिये विष्ठर अथवा दर्भकांड सहित कटोरी में तिलक और तीन फूल डालते हुये पढ़ें:- **संवः सृजामि हृदयं, संसृष्ट मनो अस्तुवः। संसृष्टा तन्वः सन्तु-वःसंसृष्टः प्राणः अस्तु वः। संयावः प्रिया-स्तन्वः संप्रिया हृदयानिवः। आत्मा वो अस्त संप्रियः, संप्रिय-स्तन्वो मम।** यही जल क्रमशः पाँच वारियों की प्रतिमाओं पर जो क्रमशः रखी है (1) **वृषभ,** (2) **घोड़ा,** (3) **मनुष्य** (4) **हाथी** (5) **सांप पर डालते हुये पढें:- अश्विनोः, प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव, मित्रा-वरुणयोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव बृहस्पतेः प्राणः स ते प्राणं ददातु तेन जीव। जीवादानं परिकल्पयामि नमः।** चावल सहित दर्भ के दो काण्ड हाथ में लेकर पढ़ें :- **गायत्र्यै नमः, ॐ भूभुर्वः स्वः तत् सवितुर् वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्, ॐ तत्-सत्-ब्रह्म-अद्यतावत्-तिथौ अद्य-मास्य पक्षस्य तिथौ वारा-न्वितायां ध्रुवस्य हरे, लक्ष्म्याः कूर्मस्य अश्वस्य नरस्य गजस्य-अनन्तस्य-आत्मनो वांगमनः कायोपार्जित-पापनिवाराणार्थं शुभ-फल-प्राप्त्यर्थं शंकु-प्रतिष्ठा पूजनं शिला-प्रतिष्ठा-पूजनम्-अहं करिष्ये-ॐ कुरुष्व,** चावल को कन्धों से फेंक कर दोनों दर्भकांड निर्माल्य में डालकर फिर से दो दो दर्भकांड आसन के रूप में डालत हुये पढ़ें:- **ध्रुवस्य हरेः**

लक्ष्म्याः कूर्मस्य वृषभस्य अश्वस्य नरस्य गजस्य अनन्तस्य-आसनम्-नमः । चावल और दर्भ के दो कांड हाथ में पकड़कर **ध्रुवं हरिं लक्ष्मीं कूर्मं वृषभं अश्वं-नरं-गजं अनन्तं आवाहयिष्यामि ॐ आवाहय** दोनों कन्धों से चाल फेंक कर प्राणायाम करके कटोरी में जल डालते हुये पढ़ें:- **पाद्यार्थम्-उदकं नमः शन्नो-देवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शयोर-अभि-सस्वन्तु नः** इसी जल में लाय. तिलक सर्वौषधि दर्भजल डाल कर दर्भ से अथवा फूल से पांचों मूर्तियों को छिड़कते हुये पढ़ें :- **ध्रुवाय हरये लक्ष्म्यै कूर्माय वृषभाय अश्वाय नराय गजाय अन्नताय पाद्यं नमः** पाद्य का बाकी बचा हुआ जल निर्माल्य में डालकर फिर से अर्घ्य के लिये जल डालते हुये पढें :- **शन्नो देवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर्-अभि स्त्रवन्तु नः** इसी जल में दूध, दर्भ घी दही चावल जव सर्षप डालते हुये पढ़ें :- **ध्रुव हरे लक्ष्मि कूर्म वृषभ अश्व नर गज अनन्त इंद-वोऽर्घ्यं नमः** पाँचों प्रतिमाओं पर फिर से जल डालते हुये पढ़ें :- **उदत्यं जात-वेदसं देवं वहन्ति केतवः दृश्ये विश्वाय सूर्यं स्नानं परिकल्पयामि नमः** यहाँ तक आप पांच प्रतिमाओं की पूजा एक ही स्थान पर इकट्ठे करें यहाँ से अब अपने अपने स्थान गढे पर जाकर पूजा करें अब पहले वृषभ की प्रतिमा वाली वारी उठाकर **पूर्व ईशान कोण पर** गढें में रखी हुई पत्थर के ऊपर फूल चढ़ाते हुये पढें :- **आसनाय नमः पद्मासनाय नमः शतदल-पद्मासनाय नमः** गढे में पहले से रखी हुई पत्थर पर वारी सहित प्रतिमा रखें और अपने दायें हाथ की तरफ गढे में पहले से रखी हुई खूँटी किसी पत्थर से गाढें (शंकु) दबाते हुये पढें :- **ध्रुवा**

द्यौ-र्ध्रुवा पृथिवी ध्रवासः पर्वता इमा ध्रुवं विश्वं-इदं सर्वं ध्रुवो राजा विश्वम्-असि अब प्रतिमा, वारी, खूँटी तथा पत्थर पर तिलक अर्घ फूल लगाते हुये पढें:- **ध्रुवाय लक्ष्म्यै वृषभाय-शंकवे प्रतिष्ठा-शिलायै समालभनं गन्धो नमः, अर्घोनमः, पुष्पं, नमः,** वारी, प्रतिमा, खूँटी को नारीबन बांधते हुये पढें :- **ध्रुवाय हरये लक्ष्म्यै वृषभाय शंकवे प्रतिष्ठा-शिलायै वासो नमः,** नमस्कार करते हुये पढें :- **ध्रुवाय हरये लक्ष्म्यै वृषभाय शंकवे प्रतिष्ठा-शिलायै नमस्कारं करोमि नमः एतासां देवतानां-अर्घ्य-दाना-ध्यर्चन-विधिः सर्वः परिपूर्णोऽस्तु** जल प्रतिमा आदि पर डालते हुये पढें :- **अन्नं नमः, अन्नं नमः आज्यं आज्यं-अन्नं-अद्यदिने अद्य यथा संकल्पात् सिद्धिर्-अस्तु** अंजलि धारण करते हुये पढें :- **अन्नहीनं क्रियाहीनं विधिहीनं द्रव्यहीनं मन्त्रहीनं यत्-गतं तत्-सर्वम् अछिद्रं सम्पूर्णम्-अस्तु-एवम्-अस्तु ।** खोसू में दायें हाथ की ऊँगलियों पर से जल डालकर उसी जल से वृषभ की मूर्ति पर आचमन के रूप में थोड़ा सा जल डालते हुये पढें :- **शंनो देवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर्- अभिस्त्रवन्तु नः ध्रुवाय हरये लक्ष्म्यै वृषभाय-शंकु प्रतिष्ठा-शिलायै आचमनीयं नमः,** फिर से खोसू में अर्घ जल दक्षिणा डालते हुये पढें :-**शंनो देवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर्-अभिस्त्रवन्तुनः, ध्रुवाय हरये लक्ष्म्यै वृषभाय-शंकु-प्रतिष्ठा शिलायै तिल-हिरण्य-रजत-निर्ष्कणं ददानि** फिर से कुछ दक्षिणा डालते हुये पढें:- **एता**

देवता: सदक्षिणा-न्नेन प्रीयन्तां प्रीतां सन्तु-नैवेद्य किशमिश नाबद आदि अर्पण करते हुये पढें :- **ॐ तत्-सत्-ब्रह्म मासस्य पक्षस्य तिथौ वारन्वितायां ध्रुवाय हरये लक्ष्म्यै वृषभाय शंकवे प्रतिष्ठा शिलायै ॐ नमो नैवेद्यं निवेदयामि नम: - सर्वमंगल-मंगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तु-ते-** इस मन्त्र का बार-बार उच्चारण करते हुये वारी को प्रतिमा सहित उठा कर जो बड़े गढे में छोटा सा गढा खोदा है उस में रख कर उस के ऊपर पूजा किया हुआ पत्थर रखें प्रणाम करते हुये फूल चढाते हुये पढें :- **ॐ तत् विष्णो: परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरय:, दिवीव चक्षुर-आततं, तत्-विप्रासो विपन्यवो जागृवांस: समिन्धते, विष्णो-र्यत्परमं पदम्** । सभी खडे होकर फूल हाथ में लेते हुये पढें :- **सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया:, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माकश्चित् दु:खभाक्-भवेत्**

ॐ शान्ति: शान्ति: शान्ति:

अग्निकोण : पूर्व दक्षिण कोण पर वारी सहित घोड़े की प्रतिमा लायें पूर्वदक्षिण कोण के गढे में पत्थर पर फूल बिछा कर ऊपर दर्ज किये हुये ईशान कोण (पूर्व उत्तर) की पूजा की भांति सब पूजा करें केवल **वृषभाय** के बदले **अश्वाय** पढें।

नैऋतिकोण : दक्षिण पश्चिम कोण पर मनुष्य वाली वारी रख कर उसकी पूजा ऊपर लिखी पूजा की भांति कीजिये केवल **वृषभाय** के बदले **नराय** पढें।

वायुकोण : पश्चिम उत्तर कोण पर हाथी की मूर्ति वाली वारी

रख कर उसकी पूजा ऊपर लिखी पूजा की भांति करें केवल **वृषभाय** के बदले **गजाय** पढें।

बीचवाले गढे में : साँप मूर्तिवाली वारी की पूजा ऊपर लिखी विधि से कीजिये **वृषभाय** के बदले **अनन्ताय** पढें :- बीच वाले गढे की पूजा समाप्त करके सभी परिवार वाले एकत्रित होकर सामूहिक रूप में पढें :- **"ॐ श्रीमत् नारायण नारायण नारायण ॐ। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।** अब "तहर" रोठ आदि का प्रेप्योन पृष्ठ नं० 19 से पढें - अन्त में सामूहिक आरती करें, आरती के पश्चात् प्रसाद बाँटें :-

क्या बुनियाद मकान के दिन या प्रवेश के दिन मांस का चुटू-शीशनोर आदि बलि करना आवश्यक है ?

शास्त्रों में ऐसे शुभ काम करते समय बलि देने का विधान अवश्य है परन्तु जिस को हम बलि कहते हैं, वह हमारे ऋषियों तथा हमारी संस्कृति पर एक प्रकार का कलंक है - जबकि उपनिषद में आता है **"देवोद्देश्येन यथाविधि, स्वोपहार-त्याग: बलि:"।** **देवता के निमित यथाविधि अपने प्रियशरीर का अंग अंग दु:खियों अथवा देश के लिए अर्पण करना ही बलि कहलाता है, न कि किसी घास फूस खाने वाले पशु (मुनि) का कलीजा निकाल कर अर्पण करना, अपना कलीजा दूसरे के दु:ख को दूर करने के लिए अर्पण करना ही बलि कहलाता है। आप इस बात का विश्वास रखें :- यदि आप ऐसे शुभ काम पर हिंसा (कतल) से सम्बन्धित मांस (शीशनोर) का प्रयोग करेंगे तो यह शुभ काम आपके लिए शुभफलदायक नहीं होगा।**

(प्रेमनाथ शास्त्री)

गृहप्रवेश पूजा

नये मकान में दाखिल होना

प्रवेश के लिये सामग्री– गौमाता, श्री भगवद् गीता, महालक्ष्मी का अथवा इष्टदेवी का फोटू, लाल झँडियाँ जिसमें कील दबाने के लिये छोटी–छोटी लकड़ी लगी हो, पानी से भरा हुगा घड़ा, दूध का घड़ा अथवा बाल्टी, असली घी का डिब्बा, चावल की बोरी अथवा चिलमची चावल से भरी हुई, धान्य की थाली, सतसोस सात अजनास गेहूँ, मक्की, मूँग, चन्ना, माष, राजमाष, मटर आदि हर अनाज एक एक पाव इक्टठे थाली में रखें, भिन्न–भिन्न प्रकार के फूलों से भरी टोकरियाँ, आग सहित अंगीठी जिस में कण्ठगण और तिल पहले से ही जलता हो, रत्नदीप, आदि यानि घर में काम आने वाली वस्तुएं पूजा के लिये सिन्दूर, केसर, नारीवन, तिल लाय, जव किशमिश शहद, बर्फी जंग के लिये चावल, नमक अखरोट आदि।

जिस दिन प्रवेश करना हो उस दिन मुहूर्त समय से पहले सारी ऊपर लिखी सामग्री नये मकान के आंगन में चटाई आदि बिछा कर इकट्ठी करें– मकान के चारों ओर विशेषतया जिस दरवाजे से प्रवेश करना हेा उस द्वार की दोनों दिवारों पर चूने से क्रूल, झँडिया कील से दबायें फूलों नारीवन तथा सिन्दूर के तिलक से दरवाजे को पहले ही से सजा कर रखें दरवाजे पर सिन्दूर से लिखें **"श्री:"** *'ॐ'* यह सब कुछ पूरा करके पूजा आरम्भ करें।

पूजा से पहले गोमाता को प्रवेश दरवाजे के सामने सहन में बांध कर रखें, खाने के लिए कुछ चारा डालें ताकि वह पूजा के समय शांत रूप से टिकी रहे गोमाता को तिलक लगा कर फूल की माला अपर्ण रके चारों पाँव के नीचे थोड़ा सा तिलक **(ऋग्वेदाय, यजुर्वेदाय, सामवेदाय, अर्थववेदाय)** इन नामों से लगायें इन्हीं नामों से अर्घ फूल, दक्षिणा तथा नैवेद्य (किशमिश) डाल कर प्रणाम करें हाथ जोड़ कर पढें:–

"न केवलानां-पयसां प्रसूति-अवेहि मां कामदुघां प्रसन्ना" गोमाता को कमरों के अन्दर प्रवेश करवाने की आवश्कता नहीं ऐसा ना हो वह उसके मकान में प्रवेश करते समय कोई अड़चन पैदा करे- भूसा गुड आदि खिला कर प्रवेश के पश्चात् गाय को खुला छोड़ कर आदर से बाहर निकाले।

प्रवेश पूजा विधिः

जिस दरवाजे से प्रवेश करना हो उस दरवाजे की ओर मुख करके आसन बिछा कर दीप धूप जला कर पूजा आरम्भ करें - पूजा आरम्भ करने से पहले नया यज्ञोपवीत धारण करें - यज्ञोपवीत धारण करते समय किसी लड़की से जंग लानी चाहिये यज्ञोपवीत धारण करते हुये पढें:- और शंख बजवायें **"यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं, प्रजापते-र्यत्-सहजं पुर-स्तात्-आयुष्यम्- अग्र्यं प्रतिमुंच-शुभ्रं-यज्ञोपवीतं बलम्-अस्तु तेजः।**

पहले पृष्ठ नं. 5 से 9 तक **दीपो नमः** तक पढ कर फिर से पढें:- **ॐ तत्-सत्-ब्रह्म अद्य तावत् तिथौ अद्य** मास पक्ष तिथि वा का नाम लेकर पढें:- **महागणपतये, कुमाराय, श्रियै, सरस्वत्यै मेरु-प्राकार-देवताभ्यः दीपधूप संकल्पात् सिद्धिर्-अस्तु दीपोनमः धूपोनमः** दूध, घी, शहद जव पानी, तिल मिला कर देवताओं ऋषियों और पितरों का तपर्ण दरवाजे के निचले भाग पर करते हुये पढें:- **ॐ भूः तृप्यतां, ॐ भुवः तृप्यतां, ॐ स्वः तृप्यताम्, ॐ भू-भुर्वःस्वः तृप्यताम्-ब्रह्मा तृप्यतां रुद्रः तृप्यतां, ईश्वरः तृप्यतां, सदा-शिवः तृप्यतां, पृथिवी तृप्यतां, आपः तृप्यतां, तेजः तृप्यतां,**

वायुः तृप्यतां, सदा-शिवः तृप्यतां, पृथिवी तृप्यतां, आपः तृप्यतां, तेजः तृप्यतां, वायुः तृप्यतां आकाशः तृप्यतां, वाहिं तर्पयामि सूर्य तर्पयामि, सोमं तर्पयामि, वरुणं तर्पयामि, वायुं तर्पयामि कामं तर्पयामि मोक्षं तर्पयामि, सर्वदेवताः तर्पयामि। गले में यज्ञोपवीत रखकर पढें:- **कण्ठोपवीती स्वाहा ऋषिभ्यः** बायाँ यज्ञपवीत रख कर पढें:- **स्वधापितृभ्यः** दायाँ यज्ञोपवीत करके पढें:- **आब्रह्मस्तम्ब पर्यन्तं बह्माण्डं सचराचरं जगत् तृप्यातु तृप्यतु-एवम्-अस्तु** जीवादान के लिये विष्टिर सहित खोसू अथवा कटोरी में तिलक और तीन फूल डालते हुये पढें:- **सं वः सृजमि हृदयं संसृष्टं मनो अस्तु वः। संसृष्टा-स्तन्वः संसृष्टः प्राणो-अस्तुवः। संयावः प्रियास्तन्वः संप्रिया हृदयानि वः, आत्मा वो अस्तु संप्रियाः संप्रियस्तन्वो मम।** दरवाजे के चारों ओर दर्भ अथवा विष्ठर से छिड़कते हुये पढें:- **अश्विनो प्रणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव। मित्रावरुणायोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव-बृहस्पतेः प्राणः स-ते प्राणं ददातु तेन जीव। धर्माय, अधर्माय, देहिल्यै खिंखिन्यै मेरु-प्रकार-देवताभ्यः जीवादानं परिकल्पयामि नमः** चावल सहित दर्भ के काँड हाथ में लेकर तीन बार पढें:- **ॐ गं तत्-पुरुषाय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्ती, प्रचोदयात्-ॐ तत् सत् ब्रह्म अद्य तावत् तिथौ अद्य मासस्य पक्षस्य तिथौ वारन्वितायां-धर्मस्य अधर्मस्य देहल्याः खिंखिन्याः मेरु प्राकार-देवतानां द्वार-पूजनं-अहं-किरष्ये ॐ कुरुष्व-**

चावलों को कन्धों से फेंक कर दर्भकाण्ड निर्माल्य में डाल कर दो-दो दर्भकाण्ड-आसन के रूप में डालते हुये पढें:- दरवाजे के दायें ओर **'धर्मस्य'** बायें ओर **"अधर्मस्य"** नीचे की ओर **"देहल्या:"** ऊपर की ओर **"खिं खिन्या:" मेरुप्राकार देव-तानां-इदं आसनं नमः,** दायें हाथ से दो दर्भकाण्ड चावल सहित पकड़ते हुये पढें:- **धमार्य अधर्माय देहिल्यै खिंखिन्यै मेरु-प्राकार-देवताभ्य: युष्मान्-पूजयामि ॐ पूजय,** चावल-फैंक कर केवल दो दर्भ हाथ में रख कर पढें:- **धर्म-अधर्म-देहलिं, खिंखिनिं, मेरु-प्रकार देवता: आवाहय-ष्यामि ॐ आवाहय**-दरवाजे के ऊपर की ओर फूल चढाते हुये पढें:- **आवाहयाम्यहं देवं गणेशं सुर-पूजितं, सदैव विघ्न हर्तारं सर्वकाम-फलप्रदम् ।** दोनों कन्धों से जव चावल फैंक कर प्राणायाम करके कटोरी में जल डालते हुये पढें:- **पाद्यार्थम्-उदकं नमः, शन्नो-देवीर् अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये-शंयोर्-अभि-स्त्रवन्तु नः** इसी जल में तिलक सर्वौषधि आदि डाल कर विष्टर से दरवाजे को छिड़कते हुये पढें:- **धमार्य अधमार्य देहिल्यै खिंखिन्यै मेरु प्राकार देवताभ्य: पाद्यं नमः,** पाद्य-के बाकी बचे पानी को निर्माल्य में डाल कर अर्घ्य के लिये कटोरी में पानी डालते हुये पढें:- **शन्नो देवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर्-अभि-स्त्रवन्तु नः** इसी कटोरी के पानी में दूध, घी, दही डालते हुये विष्टर से दरवाजे को छिडकते हुये पढें:- **धर्माय अधर्माय देहिल्यै खिंखिन्यै मेरुप्राकार-देवताभ्य: समालभनं गन्धो नमः** दायें बाँये और ऊपर नीचे फूल चढाते हुये पढें:- **धर्माय**

अधर्माय देहिल्यै खिंखिन्यै मेरु-प्रकार-देवताभ्यः अर्घोनमः पुष्पं नमः नमस्कार करते हुये पढें:- **एतासां देवतानां-अर्घ्य- दानाद्यर्चन-विधि सर्वः परिपूर्णः अस्तु** चावल की थाली को जल से छिडकते हुये पढें:- **अन्नं नमः, अन्नं नमः, आज्यं आज्यं अन्नं-अद्य-दिने-अद्य-यथा संकल्पात्-सिद्धिर-अस्तु** अंजलि धारण करते हुये पढें:- **अन्न हीनं क्रियाहीनं विधिहीनं द्रव्य-हीनं, मन्त्र हीनं, यत्-गतं तत् सर्व-अछिन्द्रं सम्पूर्णम्-अस्तु एवम् अस्तु,** खोसु में दायें हाथ की ऊँगलियों के ऊपर से जल डाल कर उसी जल से दरवाजे पर आचमन के रूप में थोड़ा सा जल डालते हुये पढें-: **शन्नो देवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर्-अभिस्रवन्तु नः धमार्य अधर्माय देहिल्यै खिंखिन्यै मेरुप्राकार-देवताभ्यः आचमीनयं नमः** फिर से **शन्नो देवीर्-अभीष्टये**-यही मन्त्र पढ कर कटोरी में नया अर्घ जल तथा दक्षिणा डालते हुये पढें:- **धर्माय अधर्माय देहिल्यै खिंखिन्यै मेरुप्राकार देवताभ्यः दक्षिणायै तिल-हिरण्य-रजत-निष्कर्ण ददानि**-कुछ और दक्षिणा डालते हुये पढें:- **एता देवताः सदक्षिणा-न्नेन प्रीयन्तां प्रीताः सन्तु।** नैवेद्य के रूप में किशमिश आदि अपर्ण करते हुये पढें:- **धमार्य अधर्माय देहिल्यै खिंखिन्यै मेरु-प्राकार- देवताभ्यः ॐ नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः।** अच्छिद्र न करें। तपर्ण करते हुये तीन बार पढें:- **नमो ब्रह्मणे, नमो-अस्तु-अग्नये, नमः पृथिव्यै, नम औषधीभ्यः नमो वाचे वाचस्पतये नमो विष्णवे, बृहते**

कृणोमि, इति-एतासाम्-एव देवतानां सार्ष्टिं सायुज्यं सलोकतां-सामीप्यम्-अप्नोति य एवं विद्वान् स्वाध्यायम्-अधीते। 3। नमस्कार करते हुये पढें:- **मन्त्रहीनं-क्रियाहीनं विधिहीनं च यत् गतम्, तत्सर्वं क्षम्यतां देव कृपया परमेश्वर। यत्-अक्षर पद भ्रष्टं मात्रा हीनं च यत् गतम् त्वया तत् क्षम्यतां देव कृपया पुरुषोत्तम। उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा वचसा मनसा च नमस्कारं करोमि नमः।**

ऊपर लिखी विधी के अनुसार दरवाजे की पूजा करके **'सर्वमंगल मंगल्ये शिवे सर्वार्थ-साधिके शरण्ये त्र्यम्बके गोरि नारायणि नमोस्तु ते'** इस मन्त्र का उच्चारण करते हुये पहले से ही नियत किये हुये कमरे में जहां साफ दरी मसनद आदि बिछा हुआ हो, घर के सभी सदस्य भाई बन्धु मित्रादि अपने अपने हाथ में उठाई हुई सामग्री, भगवत् गीता, पानी का घड़ा दूध, फल चावल आदि विशेषतया इष्ट देवी, गुरु आदि का फोटू हाथ में लेकर प्रवेश करें कमरे में किसी उच्च स्थान अथवा कुर्सी आदि पर यह फोटो सजा कर रखें उस के सामने सभी सामग्री रत्नदीप आदि तरतीब से रखें:- झाडू चक्की एक ओर कोने में रखें, घर के सभी सदस्य खड़े रहे-यजमान को चाहिये महालक्ष्मी देवी अथवा गुरु आदिके फोटो को तिलक लगा कर फूल की मालायें अपर्ण करें-**ॐ जय जगदीश** से सामूहिक आरती करें, नाबद किशमिश-बर्फी आदि नैवेद्य के रूप में इष्ट देवी को अपर्ण कीजिये- उसी प्रसाद में से सभी को थोड़ा-थोड़ा प्रसाद बांट कर परिवार के व्यक्तियों को तिलक लगा कर नारीवन बांधें- यह कार्यक्रम समाप्त करके रसोई में जाकर **अन्नपूर्णे सदापूर्णे शंकर-प्राण-वल्लभे, ज्ञान-वैराग्य-सम्पूर्णे अन्न-पूर्णे नमोस्तु ते।** "गैस या

चूल्हे के ऊपर के भाग पर सिन्दूर से **"श्रीः"** लिखें अर्घ फूल चढाते हुये पढें:- **अन्नपूर्णाभगवत्यै समालभनं गन्धो नमः अर्घो नमः पुष्पं नमः। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।**

रोठ तहर आदि में असली घी डाला हुआ थालियों में भर कर इष्टदेवी अथवा महालक्ष्मी के सामने लायें और पुस्तक के पृष्ठ 19 से प्रेप्युन पढें:- चुटू मकान के छत पर रखें प्रसाद सभी में बाँटिये-यजमान तथा पत्नीको पूजा की समाप्ति तक व्रत रखना चाहिये- आप इस शुभ दिन पर किसी प्रकार की हिंसा अथवा हिंसा से प्राप्त मांस आदि का प्रयोग न करें, बल्कि आज से आप घर में नित्य यज्ञ रचाने की प्रतिज्ञा करें यज्ञ से मतलब है - आप तीन बातों का व्रत लीजिये- **"यज्ञ-देवपूजा-संगीतकरण-दानेषु-** यह तीन नियम है, (1) देव पूजन घर में नित्य भगवत् नाम का कीर्तन (2) परिवार के सदस्यों में सच्चा संगठन (3) यथाशक्ति दान जिस घर में इन तीन नियमों का पालन होगा वहाँ विष्णु भगवान् लक्ष्मी सहित निवास करता है।



दीपमाला पूजाविधि

पृष्ठ नं० 5 से दीपधूप समाप्त करके विष्टर अथवा दर्भ सहित कटोरी में तिलक और तीन फूल डालते हुये पढें :- **सं वः सृजामि हृदयं संसृष्टं मनो अस्तु वः। संसृष्टा स्तन्वः सन्तु वः संसृष्टः प्राणो अस्तु वः। सं यावः प्रिया-स्तन्वः संप्रिया हृदयानि वः। आत्मावो अस्तु सं प्रियः सं प्रियास्तन्वो मम।** किसी पात्र में रुपये 11 या 21 रख कर उन को कटोरी के जल से छिडकते हुये पढें :- **अश्विनोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव। मित्रावरुणयोः प्राणस्तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव, बृहस्पतेः प्राणः स ते प्राणं ददातु तेन जीव, श्रीमहालक्ष्म्यै-जीवादानं परिकल्पयामि नमः** चावल सहित दो दर्भ काण्ड हाथ में लेते हुये तीन बार पढें :- **श्रियै, विह्महे, कमलवासिन्यै धीमहि तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात् ।3। तत् सत् ब्रह्म अद्य-तावत् तिथौ अद्य मासस्य पक्षस्य तिथौ वारान्वितायां श्री महालक्ष्म्याः अर्चां-अहं करिष्ये ॐ कुरुष्व** आसन के रूप में दो पुष्प अथवा दर्भ डालते हुये पढें:- **श्री महालक्ष्म्याः इदम्-आसनं नमः** चावल सहित दो दर्भ अथवा फूल हाथ में पकडते हुये पढ़े:- **श्री महालक्ष्म्यै युष्मान् पूजयामि ॐ पूजय** चावल कन्धों से फेंक कर केवल दर्भ हाथ में रखकर पढें :- **ॐ सर्वलोकस्य जननीं शूलहस्तां त्रिलोचनाम् सर्वदेवमयीम्-ईशां देवीम्-आवाहया-म्यहम्। श्रीमहालक्ष्मीं-आवाह यिष्यामि ॐ आवाहय**

चावल कन्धों से फेंक कर दर्भ निर्माल्य में डाल कर पढें:- **पाद्यार्थम्-उदकं नमः-शन्नोदेवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर्-अभी स्रवन्तु नः** इसी जल में लाय केसर, सर्वौषधि दर्भ डालकर रुपयो पर पानी की धारा डालते हुये पढें:- **गंगादि-तीर्थ सम्भूतं गन्ध पुष्पादि-सं-युतम्-पाद्यं ददाम्यहं देवि गृहाणाशु-नमोस्तुते श्रीमहालक्ष्म्यै पाद्यं नमः ।** पाद्य से बचा हुआ जल निर्माल्य में डालकर फिर से अर्घ्य के लिये कटोरी में जल डालते हुये पढें :- **शन्नो देवीर्-अभीष्टये-आपो भवन्तु पीतये शंयोर्-अभिस्रवन्तु नः** इसी कटोरी में दूध दर्भ घी चावल सर्षप डालकर रुपयों पर जलधारा डालते हुये पढें :- **अष्ट-गन्ध समायुक्तं स्वर्णपात्र-प्रपूरितम्-अर्घ्यं गृहाण मत्-दत्तं महालक्ष्म्यै नमोस्तुते महा-लक्ष्म्यै इदं वो-अर्घ्यं नमः** शुद्ध जल आचमन के रूप में डालते हुये पढें :- **श्री महालक्ष्म्यै आचमनीयं नमः,** लाय केसर आदि से मिला हुआ जल महालक्ष्मी पर डालते हुये पढें:- **पंचामृत-समायुक्तं जाह्नवी सलिलं शुभम्-गृहाण विश्वजननि स्नानार्थं भक्तव-त्सले-महालक्ष्म्यै अष्टंग स्नानं परिकल्पयामि नमः,** रुपयों को साफ करके आसन पर बिठाते हुये पढें :- **आसनाय नमः कमलासनाय नमः शतदलपद्मासनाय नमः, सहस्रदल-पद्मासनाय नमः** तिलक लगाते हुये पढें :- **कुं-कुमं कामदं दिव्यं कुं कुमं कामरूपिणम्-अखण्ड-काम-सौभाग्यं कुं-कुमं प्रतिह्यताम् ।। गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्य पुष्टां करीषि-णीं-ईश्वरीं सर्वभूतानां**

ताम्-इहोपह्वये श्रियम् महालक्ष्म्यै समालभनं गन्धो नमः । बही खाता, पेटी, दवात, कलम को भी तिलक लगायें, दरवाजे के ऊपर सिन्दूर से **"श्रीः"** बही खाते दवात कलम आदि पर भी फूल अर्घ्य चढाते हुये पढें-**नमोस्तु ते महामाये श्री-पीठ-सुर-पूजिते-शंख-चक्र गदा-हस्ते महालक्ष्मि नमोस्तुते श्री महालक्ष्म्यै अर्घो नमः पुष्पं नमः** धूप कर्पूर रत्नदीप घुमाते हुये पढ़ें :- **तत् सत् ब्रह्म अद्य-तावत् तिथौ अद्य कार्तिक-मासस्य कृष्ण-पक्षस्य चतुर्दश्यां** (अथवा) **अमावस्यां** वार का नाम लेकर **श्री-महालक्ष्म्यै धुपं कर्पूर रत्नदीपं परिकल्पयामि नमः ।** अब चामर करते हुये **"लीलारब्ध"** सभी श्लोक तथा **"ॐ जय जगदीश"** आरती पढें :- **श्री महालक्ष्म्यै चामरं परिकल्पयामि नमः** तर्पण करते हुये पढें :- **एताभ्यः देवताभ्यः दीपधूप संकल्पात्-सिद्धिर्-अस्तु दीपो नमः धूपो नमः** वस्त्र चढाते हुये नमस्कार करते हुये पढें :- **श्री महालक्ष्म्यै वासोनमः एतासां देवतानां-अर्घ्यदाना-द्यर्चन-विधिः सर्वः परिपूर्णः-अस्तु ।** नमस्कार करते हुये पढें :- **उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा वचसा अष्टांगं नमस्कारं करोमि नमः** तर्पण करके अंजलिधारण करते हुये पढें :- **अन्नं अन्नं नमः आज्यं आज्यं अन्नं, अद्यदिने अद्य यथा संकल्पात् सिद्धिर्-अस्तु अन्न-हीनं क्रियाहीनं द्रव्यहीनं मन्त्रहीनं यत्-गतं तत्-सर्वम्-अछिद्रम्-सर्म्पूणम्-अस्तु**-कटोरी में जल डालते हुये पढें:- **शन्नो देवीर्-अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये**

शंयोर्-अभिस्रवन्तु नः रुपयो पर यही जल डालते हुये पढें :- **एता देवताः सदक्षिणान्नेन प्रीयन्तां प्रीताः सन्तु** नैवेद्य की पूरिया बर्फी आदि थाली में रख कर पृ० 19 से 24 तक सारा प्रेप्युन पढ कर फिर से पढें:- **तत् सत् ब्रह्म अद्य तावत् तिथौ अद्य कार्तिकमासस्य कृष्णपक्षस्य अमावस्यां..... वारान्वितायां श्रीमहालक्ष्म्यै दीपमाला महोत्सव-देवताभ्यः मिष्टान्नं पक्वान्नं ॐ नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः** चुटू आदि को भी तिलक पुष्प आदि डालकर दो दर्भ (फूल) हाथ में लेकर तीन बार पढें :- **श्रियै विद्महे कमलवासिन्यै धीमहि तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्** (3) फिर से पढें:- **ॐ तत्-सत् ब्रह्म अद्य तावत् तिथौ अद्य कार्तिकमासस्य कृष्णपक्षस्य अमावस्यां.....वारान्वितायां दीपमाला-महोत्सव देवतानां श्रीमहालक्ष्म्याः पूजनं-अछिद्रं सम्पूर्णम्-अस्तु एवम् अस्तु** नमस्कार करते हुये पढें :- **आह्वानं नैवजानामि नैवजानामि पूजनं, पूजाभागं न जानामि क्षम्यतां परमेश्वरि उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा वचसा नमस्कारं करोमि नमः** तर्पण करते हुये पढें :- **नमो ब्रह्मणे नमो-अस्तु-अग्नये, नमः पृथिव्यै, नम औषधीभ्यः नमो वाचे नमोवाचस्पतये नमो विष्णवे बृहते, कृणोमि, इति-एतासाम्-एव-देवतानां-सार्ष्टि-सायुज्यं सलोकतां सामीप्यं-आप्नोति-य एवं विद्वान् स्वाध्या-यम् अधीते ।**

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

श्राद्ध संकल्प विधिः

पितर का नाम लेने की विधिः- जैसे आप का गोत्र है **"दर कापिष्ठल मानव"** संकल्प के निमित्त पितर के नाम के साथ विभक्ति का प्रयोग होता है जैसेः- **पितुः रामदरस्य कापिष्टल-मानवस्य, पितामहस्य, कृष्णदरस्य कापिष्ठल मानवस्य, प्रपितामहस्य वासुदेवदस्य कापिलष्ठल मानवस्य,** माता के लियेः- **मातुः लीलावती देव्या; कापिष्ठलमानव्याः पितामह्याः अमरावती देव्याः कापिष्ठल-मानव्याः, प्रपिता मह्याः कृष्णादेव्याः कापिष्ठ-लमानव्याः।**

संकल्पविधिः

5-9 पृष्ट से दीपधूप करके बायाँ यज्ञोपवीत रख कर तिलसहित जल से तर्पण करते हुये पढेंः- **ॐ तत्-सत्-ब्रह्म-अद्यतावत् तिथौ-अद्य मासस्य पक्षस्य तिथौ वासरान्वितायां** ऊपर लिखी हुई विधि से **पित्रे पितामहाय** इत्यादि 12 पितरों के नाम पढ़ कर अन्त में **समस्त-माता-पितृम्यो द्वादश-दैवतेभ्यः पितृभ्यो दीपः स्वधः धूपः स्वधा**-यह तर्पण करके फिर से पढेः- **ॐ तत् सत् ब्रह्म अद्यतावत् तिथौ अद्य मासस्य पक्षस्य तिथौ वासरान्वितायाम्,** अब-जिस पितर का श्राद्ध हो केवल उसी पितर का नाम लेकर **पित्रे** अथवा **पितामहाय** अथवा

प्रपितामहाय रामदर-कापिष्ठलमानवाय दीपः स्वधा धूपः स्वधा । अब चावल फल वस्त्र दक्षिणादि सहित किसी पात्र में अपने सामने रख कर, तिल सहित पानी दायें हाथ में लेकर पढें :- **ॐ तत्-सत् ब्रह्म तिथौ अद्य मासस्य.....तिथौ वासरे** पिता का श्राद्ध हो तो **पितुः रामदरस्य कापिष्ठल-मानवस्य,** यदि माता का हो तो **लीलावत्याः कापिष्ठल-मानव्याः सांवत्सरिके श्राद्धे अन्नं सवस्त्रं फलमूल-दक्षिणा-सहितं संकल्पयामि ।** यदि काम्बर पछ में संकल्प करना हो तो पढिये:- **ॐ तत् सत् ब्रह्म तिथौ अद्य मासस्य तिथौ वासरे आपरिपाके कन्यार्कगते श्राद्धे पित्रे पितामहाय** इत्यादि नाम लेकर **समस्तमाता पितृभ्याः दीपः स्वधा धूपः स्वधा,** फिर से पढें :- **ॐ तत्-सत् ब्रह्म अद्यतावत् तिथौ अद्य** मास पक्ष तिथि वार इत्यादि का नाम लेकर और जिस पितर का श्राद्ध हो केवल उसी का नाम षष्ठीविभक्ति में लेकर इस प्रकार पढें :- **पितुः रामदरस्य कापिष्ठल मानवस्य अथवा लीलावती देव्याः कापिष्ठलमानव्याः आपरिपाके कन्या-र्कगते श्राद्धे अन्नं सवस्त्रं फलमूलसहितं संकल्पयामि,** अन्त में फिर से दायाँ यज्ञोपवीत रख कर जल से तर्पण करते तीन बार पढें :- **नमो वाचे, नमो वाचस्पतये नमो विष्णवे बृहते कृणोमि । इति-एतासाम्-एव देवतानां सार्ष्टिं सायुज्यं सलोकताम् सामीप्यं-आप्नोति य एवं विद्वान् स्वाध्यायम्-अधीते (3)**

ॐ शान्तिः शन्तिः शान्तिः ।

तर्पण अथवा श्राद्ध के लिये पितरों के नाम लेने की विधि:

जिस पितर का श्राद्ध संकल्प करना हो, उस के पहले के छ: पितृपक्ष के और छ: मातृपक्ष के पितरों का तर्पण करना होता है, इसके अतिरिक्त और सम्बन्धित पितरों का भी एक एक नाम लेकर तर्पण किया जाता है, 12 पितरों के तर्पण करने की विधि निम्नलिखित है।

पितृपक्ष के छ: पितर इस प्रकार होते है: (1) **पित्रे** (पिता) **पितामहाय** (दादा) **प्रपितामहाय** (पडदादा) (2) **मात्रे** (माता) **पिता मह्यै** (दादी) **प्रपितामह्यै** (पडदादी) मातृपक्ष के छ: पितर इस प्रकार होते है - (1) **मातामहाय** (नाना) **प्रमातामहाय** (माँ का दादा), **वृद्धप्रमाता महाय** (पडदादा) (2) **माता मह्यै** (नानी) **प्रमातामह्यै** (माँ की दादी) **वृद्ध प्रमाता-मह्यै** (माँ की पडदादी) यदि भाई, भाई की पत्नी, चाचा, चाची का देहान्त हुआ हो तो तर्पण में नाम लेने की विधि इस प्रकार है, **भ्रात्रे, पित्रे, पितामहाय। भ्रातृव्य-पत्न्यै मात्रे पितामह्यै पितृव्याय, पितामहाय, प्रपितामहाय, पितृपत्न्यै, पितामह्यै, प्रपितमाह्यै।** तर्पण करते समय **"गोत्र"** पितरों के नाम के साथ जोडा जाता है, जैसे किसी का गोत्र है, दर कापिष्ठल मानव, गोत्र से पहले पितर का नाम जोड़िये, परन्तु गोत्र में पहला पद उपपद कहलाता है, उस को पृथक् जोडिये जैसे **रामदराय कापिष्ठल मानवाय,** जैसे किसी का गोत्र है दत्तात्रेय, "दत्त" उपपद को अलग कीजिये और आत्रेय को अलग फिर ऐसे जोडिये **रामदत्ताय-आत्रेयाय।** जब स्त्रीलिंग माता आदि का नाम लेना हो तो माता के नाम के साथ उपपद (दत) न जोड़ के देवी शब्द का प्रयोग कीजिये जैसे **लीलावती**

देव्यै कापिष्टल मानव्यै, अथवा **लीलावती देव्यै आत्रेयायै,** या **लीलावती देव्यै भारध्वाज्यै** तर्पण करते समय ऊपरलिखित 12 पितरों का तर्पण करना आवश्यक होता है, यदि किसी के पिता का देहान्त हुआ है और पितामह जीवित है, तो पितामह का नाम छोड़कर **प्रपितामह्यै, वृद्ध प्रपितामह्यै** का नाम लीजिये। तर्पण के समय पितरों का नाम लेते हुये व्याकरण के अनुसार चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है और जिस पितर के निमित्त अन्न आदि का संकल्प करना हो तो षष्टी विभक्ति का प्रयोग कीजिये-

